Title: Need to provide a railway crossing at Jalabgaon in Himayatnagar in Tehsil in Hingoli Parliamentary Constituency, Maharashtra- Laid.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली): अध्यक्ष महोदय, मुदखेड़ अदिल्याबाद रेलवे लाइन पर मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली के जिले नांदेड़ के तालूका हिमायत नगर के जवलगांव पर मैं एक रेलवे गेट बनाने हेतु कई सालों से मांग कर रहा हूं और जिला प्रशासन को इस पर सड़क बनाने हेतु भी अपनी सहमति बनानी पड़ती है। इस क्षेत्र के इस ओर और उस पार को आने जाने में बहुत दिक्कत होती है और किसानों को अपना गन्ना बाजार एवं शुगर मिल तक पहुंचाने हेतु 20 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है जिसके कारण समय भी ज्यादा लगता है और डीजल की खपत भी ज्यादा होती है। पहले यहां पर रेलवे गेट था पर न जाने क्यों इसको बंद कर दिया गया है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में रेलवे लाइन पर एक रेलवे गेट तत्काल लगाने का निर्देश दे, जिससे यहां के कई गांवों को हो रही दिक्कतों को दूर किया जा सके।